From the house of
HOME CABLE
HOME NET

# होम टाइम्स

हिंदी

साप्ताहिक
शनिवार

FREE COPY

RNI No. MAHHIN/2016/75969 | Post Reg. No. MNE/410/2019-21 | Volume 8 | Issue 23 | Saturday, 2nd September to 8th September 2023 | Price ~~Rs 3~~

www.hometimes.in www.facebook.com/hometimes.in www.twitter.com/hometimes_news hometimes.in write2us@hometimes.in

# दही हांडी उत्सव के लिए पुलिस तैयार

## पुलिस अधिकारियों ने दही हांडी आयोजकों के साथ बैठक की

■ **होम टाइम्स टीम**

मुलुंड में गोविंदा मंडलों की एक बैठक शुक्रवार को मुलुंड पुलिस स्टेशन में आयोजित की गई। इस बैठक में मुलुंड पूर्व और पश्चिम के गोविंदा आयोजकों को आमंत्रित किया गया था। इस बैठक में ट्रैफिक पुलिस, नवघर पुलिस स्टेशन और मुलुंड पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक उपस्थित थे। उक्त बैठक सहायक पुलिस आयुक्त के मार्गदर्शन में हुई। इस अवसर पर दही हांडी मंडल और दही हांडी आयोजकों को दिशा निर्देश समझाए गए।



७ सितंबर को दही हांडी उत्सव हर जगह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस पृष्ठभूमि में पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। कई दही हांडी आयोजकों द्वारा रास्तों पर दही हंडी का आयोजन किया जाता है। इससे कई बार यातायात बाधित होता है। ऐसे में दही हांडी उत्सव की योजना कैसे बनाई जाए और दही हांडी उत्सव मनाते समय गोविंदा दस्तों के लिए क्या नियम हैं, इसकी जानकारी देने के लिए शुक्रवार १ सितंबर को दही हंडी मंडल के साथ ही पूर्व और पश्चिम दोनों पुलिस स्टेशनों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त सहित मुलुंड पुलिस स्टेशन और नवघर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक और यातायात पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में ३५ दही हांडी उत्सव आयोजकों ने भाग लिया। इस समय पुलिस की ओर से दही हांडी नीति को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं।

(शेष पेज ६ पर)

# रॉन्ग साइड ड्राइविंग को लेकर प्रशासन ने बरती सख्ती

## ८ महीने में ५३ लोगों पर दर्ज किया गया मामला

■ **होम टाइम्स टीम**

मुलुंड और आसपास के परिसर में रॉन्ग साइड ड्राइविंग को लेकर बीते ८ महीना में ५३ से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। यातायात विभाग की ओर से रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने की अपील नागरिकों से की गई है।

अक्सर देखा जाता है कि मुंबई की इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में कई वहन चालक रॉन्ग साइड ड्राइविंग करते है। जिसके चलते समय पर वे अपने कार्यालय या अन्य जगह पर पहुंच सके। परंतु वाहन चालक इस कदम से न केवल वे अपनी जान जोखिम में डालते है बल्कि रास्ते से गुजर रहे अन्य वाहन चालको के लिए भी यह धोखा बन जाता है। इसी को लेकर यातायात विभाग की ओर से रॉन्ग साइड ड्राइविंग पर सख्ती बरती जा रही है और लगातार इन वाहन चालकों पर शिकंजा कसा जा रहा है। जब होम टाइम्स ने मुलुंड और आसपास के इलाकों में बढ़ रहे रॉन्ग साइड ड्राइविंग के संदर्भ में मुलुंड यातायात विभाग के वरिष्ठ अधिकारी से संपर्क किया तब उन्होंने बताया कि अगस्त महीने में रॉन्ग साइड ड्राइविंग के २ मामले उजागर हुए हैं। परंतु जुलाई महीने में २३ ऐसे मामले रॉन्ग साइड ड्राइविंग के उजागर हुए थे। इन सभी वाहन चालकों पर यातायात विभाग की ओर से कार्रवाई की जा रही है। जनवरी से अगस्त यानी बीते ८ महीने में कुल ५३ रॉन्ग साइड ड्राइविंग के मामले दर्ज किए गए है। रॉन्ग साइड ड्राइविंग के बदले जुर्माना वसूलने का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसा किए जाने पर सीधे नागरिकों को कोर्ट ले जाया जाता है और कोर्ट फिर अपना फैसला सुनाती है। इस मुहिम को गति देने के लिए यातायात विभाग की तरफ से बीते महीने से 'नो रॉन्ग साइड ड्राइविंग' को लेकर विशेष मुहिम भी चलाई जा रही है। यातायात विभाग की ओर से नागरिकों से अपील की गई है कि अपने मंजिल पर जल्द से जल्द पहुंचने के लिए रॉन्ग साइड ड्राइविंग ना करें और अपनों के साथ-साथ अन्य लोगों के जान को भी नुकसान न पहुंचाएं।

रॉन्ग साइड ड्राइविंग के मामलों को लेकर यातायात विभाग की ओर से मुलुंड में लगातार कार्रवाई की जा रही है। वाहन चालकों के इस लापरवाही की वजह से राहगीरों के साथ ही ही अन्य वाहन चालकों की जान भी खतरे में पड़ जाती है। इसलिए नागरिकों से अपील है कि रॉन्ग साइड ड्राइविंग ना करें और यातायात नियमों का पालन करें।

**– अजीत सुले,** वरिष्ठ अधिकारी
मुलुंड यातायात विभाग


RFC
RAHUL'S
The Taste Destination
BARBEQUE ROLLS | PIZZA | PASTA
LEBANESE | CHINESE | JUICE
+91 8591692727
rahulsfoodcourtmulund
Shop no 16, Golden Willows building, Next to Mann Punjab Hotel,
Cypress, Mulund (W), Mumbai - 400080
WE SERVE JAIN FOOD

# दुनिया के ७ सबसे ऊंचे पर्वत पर भारतीय तिरंगा लहराने वाले मुलुंड निवासी को शिवछत्रपती राज्य क्रीडा पुरस्कार से किया गया सम्मानित

## सोमवार को पुणे में हुआ था सत्कार समारोह

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड निवासी पर्वतारोही को राज्य के क्रीडा पुरस्कार में सबसे ऊंचा कहे जाने वाले शिव छत्रपति राज्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सोमवार को पुणे में हुए आयोजन में राज्यपाल के हाथों यह पुरस्कार दिए जाने के बाद मुलुंड और आसपास के परिसर में युवक की जमकर प्रशंसा की जा रही है।



खेल और अन्य क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों को सोमवार के दिन पुणे में शिवछत्रपती राज्य क्रीडा पुरस्कार प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल रमेश बेस, राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और खेल मंत्री संजय बनसोडे के हाथों यह पुरस्कार वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में ३१ वर्षीय मुलुंड निवासी केवल कक्का को भी दुनिया के १४ सबसे ऊंचे पर्वत में से ७ पर्वत में तिरंगा फहराने की उपलब्धि को लेकर सम्मानित किया गया हैं। आप को बता दें कि केवल कक्का ने वर्ष २०१७ में मेहेज़ ६ दिन में ८००० से ऊंचे २ पर्वत यानी माउंट एवरेस्ट और माउंट लाओत्से को फतेह करने का करिश्मा कर दिखाया था। इसके अलावा केवल ने माउंट नचलू मनास्लु , माउंट चो ओयू, और माउंट अन्नपूर्णा के शिखर पर पहुंचकर भारतीय तिरंगे को लहराया था। आप को बता दे कि केवल कक्का की कंपनी बियोंड एल्टीट्यूड और इमेजिन नेपाल के संयुक्त तत्वाधान में माउंट धौलागिरी एक्सपीडिशन का आयोजन किया गया था। जिसमें अमेरिका चाइना, जापान, कनाडा से पर्वतारोही शामिल हुए थे। हालांकि कक्का इसमें अकेले भारतीय थे। केवल की इस उपलब्धि हासिल करने के बाद मुलुंड और आसपास के परिसर में केवल की जमकर प्रशंसा की जा रही है।

# मुंबई के सभी सरकारी अस्पतालों में बनाया जाएगा रूग्ण मित्र

## मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने दिया आदेश

■ होम टाइम्स टीम

अस्पतालों में आने के बाद नागरिकों के मन में उत्पन्न हो रहे सवाल और मरीज को पूरी तरीके से गाइड करने को लेकर मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा की ओर से हर एक अस्पताल में रुग्ण मित्र की स्थापना करने की आदेश दे दिए गए हैं। मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा के स्वदेश के बाद इस मामले में एक कदम आगे बढ़ते हुए काम शुरू कर दिया गया है और जल्द ही सभी सरकारी अस्पतालों में यह नया कक्ष देखने को मिलेगा।

गौरतलब है कि मरीज जब अस्पताल में आते हैं तब



जरूरी जानकारी न मिलने के चलते मरीजों और उनके परिजनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिस वजह से इस काम के लिए उनका काफी समय भी बर्बाद होता है। इसी परेशानी को देखते हुए बीएमसी के अस्पतालों में रुग्ण मित्र यानी मरीजों की मदद के लिए सहायता कक्ष स्थापित करने की घोषणा कर दी गई है। जिसके चलते मरीजों और उनके परिजनों को अब पूरी तरीके से गाइड किया जाएगा। पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा की ओर से बुधवार को इसकी घोषणा कर दी गई है। पालक मंत्री के इस निर्देश के बाद कमिश्नर इकबाल सिंह चहल ने एडिशनल म्यूनिसिपल कमिश्नर डॉक्टर सुधाकर शिंदे को यह कक्ष स्थापित करने के आदेश दे दिए हैं। प्रमुख अस्पतालों में सुबह के समय तीन, दोपहर के समय दो और रात के समय भी दो कर्मचारी मौजूद रहेंगे। वही उपनगरीय अस्पतालों में दिन में दो और दोपहर के बाद एक-एक कर्मचारी उपलब्ध रहेंगे। इतना ही नहीं यह कर्मचारी टेक्नोसेवी होंगे और इन्हें हिंदी, मराठी, अंग्रेजी भाषा की भी पूरी तरीके से जानकारी होगी। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस प्रयास से अब मरीजों और उनके परिजनों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# गणेश उत्सव २०२३ के दौरान केवल ३ दिन ही बजाए जाएंगे लाउडस्पीकर

## सार्वजनिक गणेश समन्वय समिति में देखी गई नाराजगी

■ होम टाइम्स टीम

आगामी गणेशोत्सव के दौरान जिलाधिकारी की ओर से बड़ा फैसला लेते हुए केवल तीन दिन तक ही लाउडस्पीकर को देर रात १२:०० बजे तक बजाने की अनुमति दी गई है। जिलाधिकारी के फैसले के बाद समन्वय समिति में नाराजगी देखी जा रही है और जल्द ही इस संदर्भ में राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ५ दिन लाउडस्पीकर बजाने की अपील की जाने वाली है।

गौरतलब है कि गणेश उत्सव को अब बस कुछ ही दिन रह गए हैं। कई पंडालों में गणपति बप्पा के आगमन भी शुरू हो गए है। इसी पर्व के पहले मुंबई में कई सार्वजनिक गणेश पंडालों ने मंडप और लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति के लिए मनपा को आवेदन किया है। परंतु मुंबई में जिलाधिकारी ने गणेश उत्सव के दौरान सिर्फ तीन दिन देर रात १२:०० तक लाउडस्पीकर बजाने की अनुमति देने का फैसला किया है।

इस फैसले से सार्वजनिक गणेश समन्वय समिति में नाराजगी देखी जा रही है। अटकलें यह भी लगाई जा रही है कि राज्य सरकार के आदेश के बाद यह फैसला लिया गया है। इसी को लेकर अब आने वाले दिनों में सार्वजनिक पंडालों के पदाधिकारी इस संदर्भ में बैठक करके सरकार को ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रहे हैं। आप को बता दें कि कोर्ट के आदेश के अनुसार रात १० बजे तक ही लाउडस्पीकर बजाने की अनुमति है, परंतु बीते वर्ष यह पर्व धूमधाम से मनाया गया था और प्रशासन की ओर से चार दिन तक लाउडस्पीकर बजाने की अनुमति दी गई थी। कोरोना महामारी के बाद सभी पर्व धूमधाम से मनाए जा रहे हैं। परंतु इस वर्ष जिलाधिकारी के ओर से लिए गए फैसले से गणेश उत्सव का उल्लास फीका पड़ने का अंदेशा लगाया जा रहा है। हालांकि मंडल के पदाधिकारी की ओर से तीन दिन के बजाय ५ दिन देर रात १२:०० बजे तक लाउडस्पीकर बजाने की अनुमति की मांग की जाने वाली है।



# फ्लोरिंग सोल्यूशन

## गणपती डेकोरेशन

## व्होलसेल प्राईज में उपलब्ध






हम उच्च गुणवत्ता वाले तिरपाल और शेड नेट का निर्माण करते हैं।
हमारी डोरमैट, कुशन मैट और एस-मैट की एजेंसी है। घरों और कार्यालयों के लिए, हम कृत्रिम घास, गैर-बुना कालीन (नॉन वूवन कारपेट ) और पीवीसी कालीन भी प्रदान करते हैं।






हमारे यहां त्योहार के समय कृत्रिम फूलों के तोरण और ग्रीन मैट बैकड्रॉप भी मिलते हैं।
सभी उत्पाद थोक दरों पर उपलब्ध हैं।

पता : बी-१४, सुनीता आनंद पैलेस, बाल राजेश्वर रोड, वैशाली नगर, मुलुंड (पश्चिम), मुंबई

संपर्क - योगेश मजीठिया : 9819243679/ करण मजीठिया : 7977009021

# सं। पा। द। की। य

**हिमांशु कोठारी**

## दहीहंडी आयोजकों को रखना चाहिए सुरक्षा का ध्यान !

हिन्दुओं के लिए जन्माष्टमी के त्योहार का बहुत ही महत्व है, जन्माष्टमी उत्सव को श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है । श्रीकृष्ण को भगवान विष्णु का अवतार माना गया है जिन्होंने देवकी और वासुदेव के पुत्र के रूप में धरती पर जन्म लेकर मथुरा वासियों को निर्दयी कंस के शासन से मुक्ति दिलाई। इतना ही नहीं उन्होंने महाभारत के युद्ध में पांडवों को जीत दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। इस साल कृष्ण जन्माष्टमी ६ सितंबर २०२३ को मनाई जाएगी। इसके अगले दिन ७ सितंबर २०२३ को दही हांडी उत्सव मनाया जाएगा। द्वापर युग से ही दही हांडी का उत्सव मनाने की परंपरा चली आ रही है। इस पवित्र दिन पर भक्त मंदिरों में भगवान से प्रार्थना कर उन्हें भोग लगाते हैं। इस दिन ज्यादातर हिन्दू लोग अपने घरों में बाल गोपाल का दूध, शहद और पानी से अभिषेक कर उन्हें नए वस्त्र पहनाते हैं। इसके अलावा भगवान श्रीकृष्ण के भक्त पूरे दिन का उपवास करते हैं। शाम को मंदिर के प्रांगण लोग इकट्ठा होते हैं और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े लोकगीत और भजनों का आनंद उठाते हैं। कई जगहों पर श्री कृष्ण की झांकियां भी निकाली जाती हैं।

भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि को दही हांडी उत्सव मनाया जाता है। ये पर्व कृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन मनाते हैं। इसे गोपाल कला के नाम से भी जाना जाता है। द्वापर युग से ही दही हांडी का उत्सव मनाने की परंपरा चली आ रही है। वहीं गुजरात और महाराष्ट्र में जन्माष्टमी के मौके पर दही हांडी की प्रथा के साथ यह पर्व को मनाया जाता है। जिसमें लड़कों का ग्रुप कम्पाउंड में इकट्ठा होता है और एक पिरामिड बनाकर जमीन से २०-३० फुट ऊंचाई पर लटकी मिट्टी की मटकी को तोड़ते है। इस बार दहींहंडी का जोश कुछ अलग ही लेवल पर दिखाई दे रहा है । दहींहंडी त्यौहार पर पिछले साल ही राज्य सरकार द्वारा २ दिवसीय छुट्टी देने की घोषणा की गई थी। जिस वजह से गोविंदा पथकों को तैयारी करने का मौका तो मिलता ही है साथ ही वे योजनानुसार भी कार्य कर सकते हैं। पहले दहींहंडी को एक त्यौहार की तरह मनाया जाता था लेकिन अब इसे एक खेल का दर्जा दिए जाने से गोविंदा पथकों में एक जोश देखने को मिलता है । लेकिन दूसरी तरफ जहां पहले गोविन्दाओं द्वारा एक त्यौहार और रस्म समझकर इसे मनाया जाता था , अब इस पर लाखों का इनाम रखने से छोटे छोटे गोविंदा भी अपनी जान पर खेलने से नहीं हिचकीचाते है ।इस तरह त्यौहार ,पर्व आदि को लेकर इंसानों की भावनाओं से खेलना कितना गलत है इसका अंदाजा किसी ने भी नहीं लगाया होगा । दही हांडी के खेल में पहले गोविंदा पथक एक दुसरे के सामने भी आये तो उनमें प्रेम ,निष्ठा झलकती थी लेकिन धीरे धीरे उनके लिए जीत हार का सवाल हो गया है। उसी तरह इस खेल में महिलाओं का शामिल होना समाज को एक कदम आगे की तरफ ले गया है । दहींहंडी में महिलाओं की टीम ने भी अपनी भागीदारी शुरू कर दी है जिस से महिलाओं में आत्मविश्वास तो बढ़ा ही है साथ ही रुढ़िवादी परम्परा का अंत हो गया है। भले ही आयोजकों को ध्यान न हो लेकिन गोविंदाओं को अपनी जान जोखिम में डालकर इस स्पर्धा के पीछे नहीं भागना चाहिए। आयोजकों ने भी गोविंदाओं की सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें सेफ्टी किट देनी चाहिए।

इस उत्सव को पारम्परिक खेल का दर्जा देने से अब शायद दहींहंडी पर्व मनाते समय नियम और कानून का पालन करना अनिवार्य हो गया है लेकिन आयोजकों का उत्साह और गोविंदाओं की ललक नियमों को दरकिनार कर इस खेल को खेलती है। हर खेल का अपना नियम रहता है जिस वजह से खिलाडियों को भी सुरक्षित खेल खेलने मिलता है। लेकिन सरकार और प्रशासन का ढीला रवैया हर वर्ष गोविन्दा पथकों को हादसे का शिकार होने पर मजबूर कर देता है। इसलिए अब गोविंदाओं ने सूझबूझ से इस खेल में शामिल होकर इसे खेल की तरह खेलना चाहिए न की स्पर्धा की तरह ,तभी गोविंदा दुर्घटनाग्रस्त होने से बच सकते है। **होम टाइम्स के सभी पाठकों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं**

# महिलाओं द्वारा मुलुंड पुलिस को ऑन ड्यूटी राखियों का उपहार

## पुलिस ने दिया सुरक्षा का वादा



■ होम टाइम्स टीम

**रक्षाबंधन का दिन बहन और भाई के पवित्र रिश्ते का त्योहार है। इस दिन बहन अपने भाई को राखी बांधती है और अपने भाई से अपनी सुरक्षा का वरदान प्राप्त करती है। मुलुंड में भी भाई-बहन के प्यार का प्रतीक यह त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**

मुलुंड पुलिस स्टेशन में भी यह उत्सव मनाया गया। मुलुंड पुलिस स्टेशन में कई महिलाओं ने आकर पुलिस को राखी बांधी और उनसे इसी तरह समाज की रक्षा के लिए आशीर्वाद लिया।

रक्षाबंधन का त्योहार बुधवार को हर जगह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुलुंड के बाजार विभिन्न तरह की रंग बिरंगी राखियों से सजे हुए थे। बहन भाई के इस त्योहार के मौके पर मुलुंड पुलिस को भी ड्यूटी के दौरान इस पल का सुखद अनुभव प्राप्त हुआ। भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकर्ता बुधवार को मुलुंड पुलिस स्टेशन आईं और पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर उनके साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। रक्षाबंधन के दिन भी पुलिस अपने परिवार की चिंता किए बिना नागरिकों की सुरक्षा के लिए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। पुलिस ने लड़कियों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए विशेष निर्भया स्काड का गठन किया है। इससे महिलाओं के खिलाफ अन्याय और उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिली है। पुलिस की इसी कर्तव्यनिष्ठा के चलते पुलिस का सम्मान बनाए रखने के लिए मुलुंड थाने में महिलाओं ने पुलिसकर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें राखी बांधी। भारतीय जनता पार्टी महिला तालुका अध्यक्ष दीपिका घाग के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने पुलिस को राखी बांधी और महिला सुरक्षा का संकल्प लेते हुए उनकी लंबी उम्र की कामना की।

# राज्य में 'शासन आपके द्वार पर' तो मुलुंड में विधायक आपके द्वार पर उपक्रम शुरू

■ होम टाइम्स टीम

मुंबई सहित पूरे महाराष्ट्र में राज्य सरकार की पहल 'शासन आपके द्वार पर' चल रही है। इस पहल के तहत सरकार सरकारी योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी नागरिकों के घरों घरों तक पहुंचाने का काम कर रही है। सरकार की यह सराहनीय पहल जहां पूरे राज्य में चल रही है, वहीं मुलुंड के विधायक ने भी एक सराहनीय पहल शुरू की है। इस पहल का नाम 'विधायक आपके द्वार ' है और बुधवार को इस उपक्रम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने किया।

राज्य सरकार की पहल 'शासन आपके द्वार पर' के बाद अब मुलुंड विधायक मिहीर कोटेचा ने एक नई पहल 'विधायक आपके द्वार पर' शुरू की है। इस पहल का उद्घाटन समारोह बुधवार को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के करकमलों द्वारा किया गया। इस पहल के तहत विधायक कोटेचा ने 'विधायक आपके द्वार पर' नाम से एक विशेष वाहन तैयार किया है। इस वाहन में विधायक कार्यालय के लिए आवश्यक टीवी, प्रिंटर, कंप्यूटर, टेबल, कुर्सियां जैसी सामग्रियां होंगी।




यह वाहन प्रतिदिन अलग-अलग विभागों में जाएगा और चयन किये गए विभाग के प्रमुख चौराहों पर विधायक इस वाहन में बैठकर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। इस पहल के माध्यम से, जो नागरिक विधायकों के कार्यालयों तक पहुंचने में असमर्थ हैं, वे अब अपने संबंधित प्रभागों/ विभाग में विधायक से मिल सकेंगे और अपनी समस्याओं को विधायकों तक पहुंचा सकेंगे। मुंबई के साथ-साथ महाराष्ट्र में अपने आप में एक अनोखी पहली पहल है। इस पहल से नागरिकों को विधायक कार्यालय तक पहुंचने में लगने वाले समय और लागत की भी बचत होगी। इसके साथ ही विधायक इस गाड़ी में बैठकर खुद ही नागरिकों की समस्याओं का समाधान करेंगे, जिससे नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान होने का रास्ता भी साफ हो गया है। 'विधायक आपके द्वार पर' वाहन किस स्थान पर और किस दिन उपलब्ध होगा, इसकी जानकारी नागरिकों को एक दिन पहले सोशल मीडिया के माध्यम से मिल जाएगी। उस दिन यह वाहन उस स्थान पर नागरिकों के लिए उपलब्ध रहेगा।

> 'विधायक आपके द्वार पर' यह पहल राज्य में पहली बार लागू की जा रही है। सभी सुविधाओं के साथ उपयोगी इस वाहन की लोकेशन के बारे में एक दिन पहले ही नागरिकों को जानकारी दे दी जाएगी। हम नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनके घर जाकर करने का प्रयास करेंगे। यह इस माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों से संपर्क करने और उनके प्रशासनिक और नागरिक मामलों को निपटाने का प्रयास होगा। अक्सर नागरिक विभिन्न कारणों से हमारे कार्यालय तक नहीं पहुंच पाते। तो अब हम इन नागरिकों के दरवाजे तक पहुंचेंगे और उनसे संवाद करेंगे।
>
> **– मिहीर कोटेचा,** विधायक

# टाटा कॉलोनी में मीटर केबिन जलकर हुआ खाक

## स्थानीय लोगों ने अपनी जान जोखिम में डालकर आग पर काबू पाया

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड पूर्व के टाटा कॉलोनी इलाके में स्थित गिरिजाबाई को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी के मीटर केबिन में अचानक आग लग गई। इस आग में पूरा मीटर केबिन जलकर खाक हो गया। लेकिन स्थानीय लोगों ने अपनी जान पर खेलकर आग पर काबू पा लिया। लेकिन इस घटना से एक बार फिर इमारतों में मीटर केबिन की स्थिति, खराब सामग्री आदि के कारण बिजली मीटर में आग लगने से नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा सामने आ गया है।

रात का समय होने के कारण सभी लोग सो रहे थे। लेकिन अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, लेकिन तब तक स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया था। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने फायर मीटर का निरीक्षण किया। यह सुनिश्चित किया कि पूरी आग बुझ गई है या नहीं । वर्तमान में खराब गुणवत्ता वाली वायरिंग और लोड में अचानक वृद्धि के साथ-साथ मीटर केबिन स्थापना के स्थान के कारण मीटर केबिन में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। यह बात शनिवार (२६ अगस्त) को मुलुंड पूर्व इलाके में टाटा कॉलोनी के पास गिरिजाबाई सहकारी हाउसिंग सोसायटी में लगी आग से साबित हो गई है। रात करीब ११ बजे मुलुंड पूर्व इलाके में गिरिजाबाई सहकारी हाउसिंग सोसायटी के बिल्डिंग के मीटर केबिन में आग लग गई। आग काफी हद तक फैल गई थी जिस वजह से आग को देखकर स्थानीय लोगों ने पूरी सोसायटी को खाली करा लिया। आग की लपटें विकराल रूप धारण कर चुकी थीं। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। लेकिन समय को न गंवाते हुए स्थानीय निवासियों ने अग्निशमन दल की गाड़ियों के आने के पहले ही आग पर काबू पा लिया। पूरी इमारत की बिजली आपूर्ति काट दी गई। हालांकि आग लगने का सटीक कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि यह शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। अगले दिन भी आग लगने से बिल्डिंग में कई परिवार अंधेरे में थे । नागरिकों का आरोप है कि बिल्डिंग में मीटर केबिन की लोकेशन गलत है और घटिया क्वालिटी की वायरिंग की गई है। मुलुंड में इस तरह की बढ़ रही आगजनी की घटनाओं को देखते हुए अब अग्निशमन दल के विभाग के साथ ही सोसायटी मेंबर्स ने भी ठोस कदम उठाते हुए अपने अपने सोसायटी के मीटर केबिन चेक करने चाहिए , ऐसा कहना स्थानिक नागरिकों का है।

▶▶ पेज १ का शेष

# दही हांडी उत्सव के लिए पुलिस तैयार

साथ ही दही हांडी के थर पर १४ साल से कम उम्र के बच्चे को शामिल न किया जाए, इसके लिए कार्यकर्ताओं को दही हांडी उत्सव के दौरान सतर्कता बरतनी चाहिए ताकि किसी तरह की गड़बड़ी न हो। बैठक में जिन स्थानों पर दही हांडी का आयोजन होता है, वहां लाउडस्पीकर के नियमों के बारे में भी निर्देश दिये गये। आयोजन के दौरान पुलिस ने सावधानी बरतने की भी अपील की ताकि सड़कों पर ट्रैफिक जाम न हो, भीड़ की योजना बनाई जाए ताकि भगदड़ न हो। दही हांडी उत्सव का आयोजन रात १०:०० बजे तक किया जाना चाहिए, उसके बाद जो कोई भी दही हांडी का आयोजन जारी रखेगा या तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाएगा तो पुलिस द्वारा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी कहा कि इस संदर्भ में यदि किसी मंडल ने नियमों का उल्लंघन किया तो अगले साल ऐसे मंडलों की अनुमति देने पर विचार किया जाएगा। बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त रवींद्र दलवी, मुलुंड पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कांतिलाल कोथिंबिरे, नवघर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दत्तात्रेय गिराप की उपस्थिति में हुई। उत्सव के दौरान मुलुंड में भारी पुलिस मौजूदगी रहेगी।

# २० स्टेशन मुंबई की वायु गुणवत्ता पर रख रहे नजर

## मुलुंड पश्चिम में भी वायु प्रदूषण का लगाया जा सकता है अनुमान

■ **होम टाइम्स टीम**

भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (इंडियन इन्स्टिट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेटिओरॉलॉजी) पोर्टल पर एअर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टीम मुंबईकरों के स्वास्थ्य का ख्याल रखेगी। क्योंकि इस सिस्टम के जरिए वायु प्रदूषण के स्तर की रियल टाइम जानकारी और प्रदूषण के स्तर का संभावित पूर्वानुमान पता चल सकेगा। इससे वायु प्रदूषण के बारे में जानकारी प्राप्त करना आसान हो जाएगा, इस का लाभ मुंबई महानगर के नागरिक ले सकेंगे।

आईआईटीएम ने सेंटर फॉर स्टडी ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड पॉलिसी द्वारा आयोजित इंडिया क्लीन एयर समिट २०२३ में इस संबंध में एक प्रेजेंटेशन दिया। यह वेबसाइट मुंबई महानगरीय क्षेत्र में २४ स्थानों पर प्रदूषण के बारे में जानकारी, वास्तविक समय डेटा और भविष्य के पूर्वानुमान प्रदान करती है। आईआईटीएम ने पूरे भारत में ४२० वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों के नेटवर्क के माध्यम से डेटा एकत्र किया है। डेटा संग्रह स्टेशन दिल्ली, पुणे, अहमदाबाद, बैंगलोर, कोलकाता और मुंबई में स्थित हैं। इतने बड़े पैमाने पर प्रदूषण डेटा एकत्र करना दुनिया भर में दुर्लभ है। मुंबई से यह जानकारी जुटाने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हमारा सिस्टम सटीकता पर आधारित है। वेबसाइट पर जानकारी नागरिकों को सतर्क रखेगी। वेबसाइट का उपयोग करके प्रदूषण से होने वाले स्वास्थ्य प्रभावों से बचा जा सकता है। यह वेबसाइट वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों के लिए उपयोगी होगी, क्योंकि उनमें सांस संबंधी बीमारियों का खतरा अधिक होता है।

> यदि हाउसिंग सोसायटी कम लागत वाले सेंसर स्थापित करने की पहल करती हैं, तो नागरिकों के माध्यम से एकत्र की गई जानकारी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इससे प्रदूषण के स्तर को कम करने में मदद मिलेगी। इससे प्रशासन को प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने में भी मदद मिलेगी।
>
> **– डॉ. सचिन घुडे,** वैज्ञानिक आईआईटीएम

> महानगरीय क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर कुल २४ मॉनिटरिंग स्टेशन हैं। मुंबई में २० वायु गुणवत्ता(एयर क्वालिटी ) निगरानी स्टेशन हैं। उनमें से कुछ स्टेशन नेवी नगर, मलाड (पूर्व), बोरीवली (पूर्व), देवनार, पवई, मुलुंड (पश्चिम), बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स और चकाला में हैं। अन्य चार स्टेशन महापे, वसई, नेरुल और कल्याण में हैं।
>
> **– डॉ. प्रतिमा सिंह,** वैज्ञानिक, वायु गुणवत्ता, सीस्टेप




# बुलेट की टक्कर से रिक्शा पलट गया

## बुलेट चालक की मौत, रिक्शा चालक घायल

■ होम टाइम्स टीम

एक रिक्शा चालक द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने के कारण ३४ वर्षीय सुमित गौरी को अपनी जान गंवानी पड़ी। ये घटना हाल ही में मुलुंड ऐरोली खाड़ी के पास घटित हुई थी ।इस घटना के बाद पुलिस ने रिक्शा चालक वेद प्रकाश सुखलाल को गिरफ्तार कर लिया है।



२८ अगस्त को सुबह करीब १० बजे मुलुंड पुलिस को वायरलेस पर सूचना मिली कि ऐरोली क्रीक के पास साउथ चैनल मुलुंड की ओर आने वाली सड़क पर एक व्यक्ति खून से लथपथ पड़ा है। इसके मुताबिक, जब पुलिस टीम ऐरोली खाड़ी की ओर गई तो उन्होंने देखा कि बीच सड़क पर एक रिक्शा पलटा हुआ है। साथ ही गिरे हुए रिक्शे के सामने एक बुलेट पड़ी हुई थी। बुलेट के पास एक व्यक्ति खून से लथपथ पड़ा नजर आया। साथ ही रिक्शा में सवार लोग और रिक्शा चालक घायल अवस्था में फुटपाथ पर बैठे नजर आए। पुलिस ने उन्हें मुलुंड के वीर सावरकर अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने बताया कि इलाज से पहले ही बुलेट चालक सुमित की मौत हो गई। रिक्शा में सवार यात्री और रिक्शा चालक सुखलाल घायल हो गए। पुलिस ने रिक्शे में सवार यात्रियों से जानकारी ली तो पहले तो रिक्शा चालक दाएं- जा रहा था और अचानक उसने बाएं टर्न ले लिया , तो वहीं रिक्शा चालक तेज गति से चला रहा था। इससे रिक्शे के पीछे आ रहे बुलेट चालक ने नियंत्रण खो दिया और सीधे रिक्शे के दाहिने हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रिक्शा पलट गया और बुलेट चालक डिवाइडर से टकराकर सड़क के बीचो बीच गिर गया। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रिक्शा चालक के खिलाफ तेज गति से वाहन चलाकर दूसरों की जान खतरे में डालने और मोटर वाहन अधिनियम के तहत मौत का मामला दर्ज किया है। कुछ दिन पहले मुलुंड के आनंद नगर टोल नाका इलाके में एक ऐसी घटना हुई थी जहां बिना लाइसेंस के रिक्शा चला रहे एक युवक ने अपने दोस्त की हत्या कर दी। तो अब ऐसे रिक्शा चालकों की खतरनाक ड्राइविंग ने लोगों के मन में डर पैदा कर दिया है। पुलिस को ऐसे रिक्शा चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है । ऐसा स्थानिक नागरिकों का मानना है।

# अग्निशमन दल को मिलेगी ५ नई गाड़ियां, टेंडर प्रक्रिया हुई पूरी

## दिसंबर के अंत तक उपलब्ध होंगी गाड़ियां

■ होम टाइम्स टीम

मुंबई अग्निशमन दल के पास दिसंबर महीने के अंत तक ५ मिनी फायर इंजन उपलब्ध होंगे। वर्तमान समय में इन गाड़ियों को खरीदने की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है और उस पर ७ करोड़ से अधिक का खर्च प्रशासन की ओर से किया जाने वाला है।

गौरतलब है कि झुग्गी झोपड़ी में आए दिन आगजनी की घटना उजागर होती है। वहां के रास्ते सकरे होने के चलते अग्निशमन दल की गाड़ियों की आवाजाही के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। परन्तु अब इस समस्या से निपटने के लिए अग्निशमन दल की ओर से ५ नई दमकल की गाड़ियों को खरीदने का फैसला लिया गया है। जिन्हें मिनी फायर इंजन कहा जायेगा। इन गाड़ियों में एक हजार लीटर पानी का फोम टैंक होगा। यदि घटना स्थल पर तेल के चलते आग लगती या फैलती है तो झागदार पानी का छिड़काव भी किया जा सकेगा। जिसके चलते आग पर जल्द से जल्द काबू पाने में भी आसानी होगी। इन गाड़ियों की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है और प्रशासन की ओर से इस पर ७ करोड़ ५२ लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। दिसंबर के अंत तक यह गाड़ियां अग्निशमन केंद्रों पर आ जायेंगी। इस पर अग्निशमन के अधिकारी ने बताया कि फायर ब्रिगेड पांच बड़ी गाड़ियों का कार्यकाल ५ हजार कार्य घंटे या १० साल तक का है और छोटी बड़ी सभी गाड़ियां मिलकर मुंबई अग्निशमन दल के पास कुल २७० गाड़ियां है। आने वाले दिनों में इन गाड़ियों के आ जाने के बाद झोपड़पट्टी इलाके में आग बुझाने में अधिकारियों को आसानी होगी।

# मुंबई में पानी की कमी का संकट!

## मानसून पर लगा ब्रेक , अगस्त माह में बारिश हुई कम

■ होम टाइम्स टीम

बरसात के मौसम में एन मौके पर गर्मी ने मुंबईकरों पर हमला बोल दिया है। एक-दो माह पहले अपने निचले स्तर पर पहुंच चुका बांध अभी भी बारिश के पानी से पूरा नहीं भरा है, तो वहीं बारिश ने भी ब्रेक लगा दिया है। इसलिए एक बार फिर मुंबईकरों के सामने पानी की कमी की समस्या खड़ी हो गई है। जिस वजह से एक बार फिर महानगर पालिका को पानी में कटौती करने का समय आ गया है। ऐसे में बारिश के मौसम में पैदा हुई इस स्थिति से मुंबईकर काफी डरे हुए नजर आ रहे हैं।

इस साल अगस्त मानसून का अब तक का सबसे लंबा शुष्क महीना साबित हो रहा है, क्योंकि हर साल इस महीने में सभी जलाशय बारिश के पानी से लबालब रहते हैं, लेकिन इस साल बारिश से जलाशयों में पानी भरने के दिनों में जलाशय पानी की आस लगाए बैठे है। इस महीने बारिश नहीं होने के कारण झीलें और जलाशय केवल नब्बे प्रतिशत ही भरे हैं। अगस्त माह समाप्त होने के बावजूद भी बारिश वापस आने का कोई नाम नहीं ले रही है । इसलिए जलाशय में पानी का भंडारण तेजी से घटने की ओर है। ऐसे में ऐसा लग रहा है कि मुंबईकरों को पानी की कमी के संकट का सामना करना पड़ेगा। मुंबई नगर निगम भी इस संबंध में उचित कदम उठाएगा। मुंबई नगर निगम संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान से पानी इकट्ठा करने और उसे भांडुप परिसर में ले जाने के लिए एक परियोजना लागू करने जा रहा है। मनपा प्रशासन सोच रहा है कि इस माध्यम से ज्यादा से ज्यादा पानी इकट्ठा करके इस पानी का इस्तेमाल मुंबई और आसपास के इलाकों में किया जा सके। इस संबंध में चर्चा भी हुई है। अगर सितंबर महीने में बारिश का यही हाल रहा तो मुंबईकरों को बड़े जल संकट का सामना करना पड़ेगा। राज्य में पहले ही कई जगहों पर बारिश नहीं होने के कारण सूखे की स्थिति पैदा हो गयी है। ऐसी स्थिति में, अगर मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाले सभी सात जलाशयों में जलस्तर तेजी से घटता रहा, तो मुंबईकरों के सामने जल संकट को आने से कोई नहीं रोक सकता है। इसलिए मनपा प्रशासन अब मुंबईकरों से पानी का संयम से इस्तेमाल करने की अपील कर रहा है।

# वर्क फ्रॉम होम का लालच देकर ऑनलाइन धोखाधड़ी

## साइबर पुलिस ने दर्ज किया मामला

■ होम टाइम्स टीम

अगर आप वर्क फ्रॉम होम के लिए आवेदन कर रहे हैं तो आपके साथ धोखाधड़ी हो सकती है, क्योंकि मुलुंड में एक युवक द्वारा ऐसा ही करने की कोशिश करने की घटना घटित हुई है। ठगा गया युवक मुलुंड पूर्व में रहता है और उसका नाम प्रज्ञेश रोकडे है। अज्ञात जालसाजों ने उनसे लाखों की ठगी की है।

मुलुंड पूर्व इलाके में रहने वाले प्रज्ञेश रोकडे को २३ अगस्त को दोपहर करीब १२ बजे एक व्हाट्सएप मैसेज मिला। इस व्हाट्सएप मैसेज में घर बैठे ऑनलाइन कंपनी से पैसे कमाने का मौका मिलने की बात कही गई थी। जिसमें एक लिंक दिया गया था। प्रज्ञेश ने व्हाट्सएप पर रिप्लाई करके दिए गए लिंक पर अपनी डिटेल्स भरीं। तभी सामने से उसके पास कॉल आया। उन्हें टेलीग्राम ऐप पर एक ग्रुप में शामिल होने के लिए कहा गया था। उस ग्रुप में शामिल होने के बाद प्रज्ञेश को तीन टास्क दिए गए। इस कार्य को पूरा किया, बदले में उसके बैंक खाते में १५० रुपये जमा हो गये। इसके बाद उनके बैंक खाते में कुछ रकम जमा कराकर उन्हें फिर से नया काम दिया गया। इस प्रकार उन्होंने एक और कार्य लिया और इस कार्य में प्रज्ञेश ने ५०० रुपये का भुगतान किया और बताया गया कि उन्हें बदले में ८०० रुपये मिले। यह रकम उसके खाते में जमा की गई थी। इसके बाद उन्होंने दो हजार रुपये देकर नया काम लिया था। यह कार्य पूरा करने के बाद उसके खाते में २५०० रुपये जमा हो गए। कुछ दिनों के बाद, उन्हें इसी कंपनी के एग्जीक्यूटिव का फोन आया। उन्होंने प्रज्ञेश को एक खाते में कई चरणों में ९१,००० रुपये का भुगतान करने और काम लेने के लिए कहा। उसने वैसा ही किया और दिया गया कार्य पूरा कर दिया। लेकिन उनके खाते में पैसे वापस नहीं आए। जिसके बाद प्रज्ञेश ने उस एग्जीक्यूटिव से संपर्क करने की कोशिश की। उस वक्त उनसे दोबारा इस काम के लिए कुछ रकम जमा करने को कहा गया। उसके बाद राशि और कमीशन दोनों आपके खाते में जमा कर दिए जाएंगे। लेकिन प्रज्ञेश को इस बात पर संदेह था। इसलिए उन्होंने सभी लेनदेन रद्द कर दिए और इस संबंध में साइबर सेल को सूचित किया। साइबर सेल में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के बाद, प्रज्ञेश को नवघर पुलिस स्टेशन में एक और शिकायत दर्ज करने का निर्देश दिया गया। तदनुसार, उन्होंने अज्ञात नामों के खिलाफ फिर से धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। इस समय हर जगह वेबसाइट पर घर बैठे लाखों रुपये कमाने के विज्ञापन नजर आते हैं। लेकिन ऐसे विज्ञापनों के पीछे कुछ जालसाज आपसे ऑनलाइन ठगी करने को तैयार रहते हैं। इसलिए ऐसी वेबसाइटों और ऐसे अवसर प्रदान करने वाली कंपनियों पर जाने से पहले जांच करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। बिना किसी जानकारी के किसी अजनबी के साथ किसी भी तरह का पैसों का व्यवहार करना आपके लिए ऑनलाइन धोखाधड़ी को आमंत्रित करना है। इसलिए पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि सावधानी बरतना बेहद जरूरी है।

# वर्क फ्रॉम होम के नाम पर मुलुंड निवासी से की गई १ लाख से अधिक की ठगी

■ होम टाइम्स टीम

टास्क करने के बदले छोटी रकम नागरिकों के अकाउंट में भेज कर उनसे लाखों की ठगी किए जाने का एक और मामला मुलुंड में उजागर हुआ है। इस घटना में एक लाख से अधिक की ठगी मुलुंड निवासी से की गई है। फिलहाल मुलुंड पुलिस मामले की अधिक जांच में जुड़ गई है।

मुलुंड पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार पीड़ित विपुल उपाध्याय मुलुंड पश्चिम का रहिवासी है। ४ अगस्त को विपुल के व्हाट्सएप नंबर पर तृषा नामक एक महिला का मैसेज आया। जिसमें लिखा गया था कि पार्ट टाइम जॉब में टास्क कर के घर बैठे अच्छे पैसे कमाए जा सकते हैं। इस मैसेज के नीचे टेलीग्राम ग्रुप का एक लिंक भी दिया गया था। पीड़ित ने जैसे ही लिंक पर क्लिक किया, पीड़ित को रजिस्ट्रेशन करने को कहा गया और पूछे गए सवालों के बदले पीड़ित के बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर किए गए। इसी लालच में आकर पीड़ित ने अपनी डिपॉजिट की रकम बढ़ा दी और कई ट्रांजैक्शन करके कुल १ लाख १४ हजार रुपए तृषा की द्वारा भेजे गए लिंक के जरिए दूसरे अकाउंट नंबर पर ट्रांसफर हो गए । जब पीड़ित को टास्क के बदलें डिपॉजिट किए गए पैसे वापस नहीं मिले, तो पीड़ित को एहसास हुआ कि उसे ठगा गया है। जिसके बाद पीड़ित ने सीधे मुलुंड पुलिस स्टेशन का रुख अपनाया और घटना की जानकारी दी। फिलहाल मुलुंड पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा ४१९, ४२० और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है। अक्सर देखा जाता है कि इस तरीके के फर्जी लिंक के जरिए शुरुआती टास्क किए जाने के बदले नागरिकों के अकाउंट में पैसे भेजे जाते हैं। जिसके चलते अधिकतम नागरिक को इस लिंक पर भरोसा हो जाता है। परंतु बाद में उनसे मोटी रकम ऐंठ ली जाती है। पुलिस की ओर से इस तरीके के फर्जी लिंक से सावधानी बरतने की अपील की गई है।

## Helpline

सिटीजन रिपोर्टर
78956 78956

होम केबल
022 - 6614 6060

होम नेट
022 - 6621 1333
customerservice@homenet.net

होम टाइम्स
022 - 6614 6050
write2us@hometimes.in

विज्ञापन दें
होम टाइम्स
और
होम केबल
78957 78957
homecableads@gmail.com

उक्त जानकारी के लिए कृपया संबंधित नंबरों पर कॉल करें



## विज्ञापनदाताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना

साप्ताहिक होम टाइम्स में विज्ञापनदाताओं द्वारा विविध प्रकार के विज्ञापन प्रकाशित किये जा रहे हैं। इस विज्ञापन में जो भी टेक्स्ट छापा जाता है। उसकी पूरी जिम्मेदारी विज्ञापनदाता की है। इस बारे में पाठक खुद जांच परख ले। विज्ञापन के बारे में कानून या अन्य मामले में साप्ताहिक होम टाइम्स के व्यवस्थापन मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इस परध्यान दिया जाये।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक





'सुजोक'

डॉ. मोनिशा रावत

# बाल झड़ना-मानसून के दौरान...

## इलाज और रोकने के प्राकृतिक तरीके

### बालों का झड़ना, उलझने से लेकर चिपचिपे होने तक परेशानी बढ़ जाती हैं।

मानसून का मौसम , बालों के लिए कई सारी समस्याएं भी लेकर आता है। इस दौरान बालों का झड़ना एक आम बात है। आमतौर पर प्रतिदिन ५०-१०० बाल झड़ते हैं परन्तु बरसात के मौसम में रोजाना बाल झड़ने की संख्या २००-२५० तक पहुंच जाती है।

**मानसून में अधिक बाल झड़ने के कारण**

मानसून में हमारे बाल अधिक हुम्युडिटी, वायु प्रदूषण, एसिड वर्षा के संपर्क में आते है, जिससे बाल शुष्क (ड्राई) और नाजूक (ब्रीटल) हो जाते हैं साथ ही अन्य महत्वपूर्ण फैक्टर भी शामिल है। जैसे की अधिक पसीना, डेंड्रफ, न्युट्रिशनल आहार की कमी, हार्मोनल असंतुलन, हेल्थ संबंधी समस्याएं और हीट स्टाइलिंग टूल्स।

हमारे 'मोनिशाज मंत्रा' में हमने कई लोगों को निम्नलिखित तरीके से बिना दवा और बिना किसी साईड इफेक्ट उनके बालों के झड़ने से रोकने में मदद की है।






१. रोजाना के आहार में आवश्यक फैटी एसिड को शामिल करना। जैसे चिया सीड्स, अलसी के बीज, नट्स, सोया, अंकुरित खाद्य पदार्थ, गाजर और विटामिन -'सी' से भरपूर फल और सब्जियों को शामिल करना।

२. हर बार बालों को धोने के बाद उन्हें प्राकृतिक रूप से सूखने देना।

३. कभी भी गीले बालों को नहीं बांधना, क्योंकि बाल कमजोर होते है और जो टूट सकते हैं।

४. अत्यधिक बाल झड़ने की समस्या उत्पन्न होने पर हेअर ड्रायर, स्ट्रेटनर, कलर के उपयोग से बचना।

५. अधिक पानी पीना, क्योंकि हाइड्रेटेड़ रहने से बालों का झड़ना रुक जाता है।

६. शराब और निकोटीन का सेवन कम करना।

७. जल्दी सोना और जल्दी उठने के अनुशासित नींद के पैटर्न का पालन करना।

८. शारीरिक रूप से एक्टिव रहना।


**इंटरनेशनल सुजोक असोसिएशन (ISA) सर्टिफाइड़ वर्कशाप शेड्युल**

१. रेसिडेंशियल-सुजोक Six Ki-1(लेवल -III) 3rd to 8/9/2023
२.ऑनलाइन(इंटरनेशनल)-सुजोक-बेसिक(लेवल-I)14thto 22/09/2023
३. ऑनलाइन-सुजोक Six Ki-1(लेवल -III) 12th to 23/10/2023
४. रेसिडेंशियल, मेरिडियेन सुजोक Ki (लेवल -II) 27th to 29/10/2023
LIMITED SEATS. REGISTRATION ON FIRST CUM FIRST BASIS CALL ON-8422948592/8655139777.


## सुजोक थैरापी

**अ) सीड़ थैरापी** - रोजाना रात में, किसी भी उंगुली के निचले बाहरी हिस्से पर राजमा बीज के दाने चिपकाने वाले टेप पर चिपकाकर लगाना (चित्र १ में दर्शायेनुसार)






ब) नेल थैरापी - सुजोक थैरापी के अनुसार हाथ और पैर के सभी नाखून, शरीर के मुख्य अंगों (ऑर्गन) के अनुरूप होते हैं, इसलिए हाथ-पैर के सभी २० नाखूनों को दिन में दो बार रगड़ने/मसाज करने से शरीर में हर सिस्टम को फिर से जीवंत करने में मदद मिलती है और बालों का झड़ना कम होता जाता हैं। (चित्र २ में दर्शायेनुसार)


**डॉ. मोनिशा रावत- संस्थापक 'मोनिशाज मंत्रा' मुंबई एवं ग्लोबल वी-केयर फाउंडेशन,** M.Sc., MD (Alternative Medicines), **लाइफ कोच, मास्टर इन सुजोक थैरापी, कन्सल्टिंग न्यूट्रीशनिस्ट, होलेस्टीक काउन्सलर, कारपोरेट ट्रेनर, सुजोक डायबिटीज स्पेशलिस्ट, इंटरनेशनल लेक्चरर फार 'सुजोक एन्ड स्माईल ताई-जी'. ISA ऑथराईज्ड लेक्चरर फार लेवल -** I, II, III & IV
Award Winner as a BEST PERFORMING TEACHER by International Sujok Association (ISA) – SIC 2019
NATIONAL EXCELLENCE HEALTH AWARD – 2019 During COVID-19
Award winner of Inernational Women Excellence Empowerment Award (WEE) – 2020 as a RISING STAR
Award winner of India Best Therapist Award for the Year 2021 by MKSS
Award Winner of ET CHANGE MAKER-2022 for Health & Wellness powered by Economic Times-Ascent & Navbharat Times
An ISO Certified Centre at Mumbai
Mulund- +91 8655139777/ 9029960086, Goregaon - +91 8433947592/9820343592




सुनिता देसाई

# राशिफल

Saturday, 2nd Sept to 8th Sept 2023


२००३ से टैरोट रीडिंग कर रही हैं। इसके अलावा वे ग्रॉड मास्टर इन रेकी, चार लेवल इन चक्रा मेडिटेशन, मास्टर इन मर्मा, जि.पी इन शियात्सु, क्रिस्टल और पिरामिड एक्सपर्ट, मास्टर ऍक्युप्रशरिस्ट,अरोमा थेरॉपिस्ट, प्राणिक हीलर, औरा रीडर और वर्च्यू प्रैक्टिश्नर हैं। व्यक्तिगत सलाह के लिए मिलें.
+91 93234 30355 desaisunita02@gmail.com






■ **मेष** (अ, ल, इ)
**भविष्यवाणी:** आपको आपके सभी प्रियजन और करीबी लोग स्वीकार करेंगे। कोई आपकी अच्छी मदद करेगा।
**सलाह:** १) सभी ज्ञात और अज्ञात लोगों से मित्रतापूर्ण व्यवहार करने का प्रयास करें। २) विनम्र रहें और बुजुर्ग लोगों की मदद करें। ३) अपनी याददाश्त पर ध्यान दें।





■ **कर्क** (ड, च, ह)
**भविष्यवाणी:** आपको किसी कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा। आप बेकार की चीजों पर पैसा खर्च करेंगे। **सलाह:** १) आशावादी और सामाजिक तथा निःस्वार्थ बनें। २) पक्षियों और जानवरों को खाना खिलाएं। ३) अंतर्दृष्टि पर ध्यान दें।




■ **तुला** (र, त)
**भविष्यवाणी:** आपकी संतुष्टि से आपको मानसिक शांति मिलेगी और आप अच्छे से काम करेंगे। **सलाह:** १) अपना सामान अपने प्रियजनों के साथ साझा करें। २) पढ़ने से आपको मदद मिलेगी इसलिए आप जो पढ़ते हैं उसे पढ़ें और समझें। ३) अपने लाभ पर ध्यान दें।




■ **मकर** (ख, ज)
**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह आपको अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ेगी।
**सलाह:** १) जरूरतमंदों को कुछ नकद दान करें। २) नील रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने प्यार और देखभाल पर ध्यान दें।





■ **वृषभ** (ब, व, य)
**भविष्यवाणी:** जिन लोगों पर आप भरोसा करते हैं, उनसे आपको सहयोग नहीं मिलेगा। योजना बनाने से परिस्थिति अधिक सशक्त रहेगी। **सलाह:** १) त्वरित निर्णय लें और त्वरित कार्रवाई करें। २) समय और परिस्थिति जैसी है वैसे ही चलने का प्रयास करें।३) नए रिश्तों पर ध्यान दें।




■ **सिंह** (म, ट)
**भविष्यवाणी:** आप किसी भी चीज़ या व्यक्ति से खुश नहीं रहेंगे। आप बाध्य महसूस करेंगे।
**सलाह:** १) किसी पवित्र स्थान या मंदिर के दर्शन करें। २) पक्षियों या जानवरों को खाना खिलाने से आपको मदद मिलेगी। ३) अपने नए विचारों पर ध्यान दें।




■ **वृश्चिक** (न, य)
**भविष्यवाणी:** आप जो चाहते हैं वह आपको मिलेगा और कोई छिपा हुआ सच किसी के द्वारा उजागर हो जाएगा।
**सलाह :** १) लोगों की बात ध्यान से और स्पष्ट रूप से सुनें। २) अपना काम स्वयं करें. किसी पर भरोसा न करें। ३) अपनी जिम्मेदारियों पर ध्यान दें।





■ **कुंभ (ग, स, श)**
**भविष्यवाणी:** आप कई बार भ्रमित होंगे। सफलता तो मिलेगी लेकिन कुछ अतिरिक्त दबाव के साथ।
**सलाह:** (१) कुछ भी नया करने से पहले दो बार सोचें। (२) लाल रंग की वस्तुओं का प्रयोग करें। (३) अपने प्यार और देखभाल पर ध्यान दें।





■ **मिथुन** (क, च, ज)
**भविष्यवाणी:** आप अपनी मौलिकता और लचीलेपन से प्रसन्न रहेंगे। कोई आपको धोखा देने की कोशिश करेगा।
**सलाह:** १) आपका अनुभव आपके शिक्षक याद रखेंगे। २) आपकी भावनाएँ और शक्ति स्थिर रहेगी।३) अपने निवेश पर ध्यान दें।




■ **कन्या** (प, ठ, ण)
**भविष्यवाणी:** आप अपनी पिछली गलतियों को सुधारने के लिए काफी मजबूत होंगे और इससे आपको बहुत मदद मिलेगी। **सलाह:** १) आपको परिस्थितियों को समझने का प्रयास करना चाहिए। २) जिस पर आपको भरोसा हो उससे सलाह लें। ३) अपनी इच्छा शक्ति पर ध्यान दें।




■ **धनु** (भ, ड, फ, ठ)
**भविष्यवाणी:** आपका लालच आपके सुख और सद्भाव के रास्ते में बाधा बनेगा।
**सलाह:** १) पक्षियों और जानवरों को खाना खिलाएं। २) भूरे रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी दयालुता पर ध्यान दें।




■ **मीन** (द, च, झ)
**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह धन में उतार-चढ़ाव रहेगा तथा कुछ अनचाही चीज़ें भी रहेंगी।
**सलाह:** १) जल्दबाजी बेकार है इसलिए धीरे चलें। २) पीले रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने विश्वास पर ध्यान दें।

# मुलुंड के पत्रा चॉल में तड़ीपार गैंगस्टर का आतंक

## तडीपार की कार्रवाई के बावजूद गुंडगिरी जारी , आरोपी सीधे घर में घुसकर मारपीट करने की हद भी पार कर गया

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड के पत्रा चॉल में पकड़े गए गुंडे का आतंक फिर से शुरू हो गया है। यदि मोहल्ले में कोई कमरा खरीदना-बेचना हो तो उसने नियम बना रखा है कि उसकी अनुमति के बिना कोई भी लेन-देन में शामिल न हो। जो लोग इस नियम का पालन नहीं करते उन्हें जान से मारने की धमकी दी जाती है, पीटा जाता है। इस इलाके में उसके आतंक से नागरिकों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है।

पुलिस और स्थानीय निवासियों से मिली जानकारी के मुताबिक, मुलुंड के नवघर इलाके के पत्रा चॉल सेक्शन में रहने वाला स्वप्निल बोहरा पिछले कई सालों से इस इलाके में आतंक मचा रहा है। उन पर मारपीट के भी कई आरोप हैं। उन पर हाल ही में मुकदमा भी चलाया गया था। तड़ीपार की सजा काटने के बाद वह फिर से मुलुंड नवघर इलाके में आतंक फैलाने की कोशिश कर रहा है। २३ अगस्त २०२३ को अशोक गोसावी नाम का व्यक्ति अपने दोस्त के लिए कमरा देखने पत्रा चाल, आनंद नगर आया था। कमरा देखने के बाद जब वे डील की बात कर रहे थे तो अचानक स्वप्निल बोहरा ने वहां आकर अशोक गोसावी के साथ गाली-गलौज की और धमकी दी कि मेरी इजाजत के बिना यहां के कमरे न बेचे जाएं। इसके बाद अशोक गोसावी ने नवघर पुलिस स्टेशन में स्वप्निल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने बोहरा को फोन पर समझाया, लेकिन इससे वह और भी नाराज हो गया। वह शाम को अशोक गोसावी के घर गया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। घर में घुसकर लात-घूंसों से उसकी पिटाई की। जिस वजह से घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त हो गया था। तुमने पुलिस में शिकायत क्यों दर्ज कराई, यह पूछते हुए उसको रात को तलवार से मारने की धमकी भी दी। उस समय अशोक गोसावी के दोस्तों ने बोहरा को समझाया और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी अनुमति के बिना इलाके में कोई कमरा नहीं बेचा जाएगा। इसके बाद गुस्से में बोहरा वहां से चला गया। इसकी सूचना दोबारा पुलिस को दी गई। इसके बाद नवघर पुलिस ने स्वप्निल के खिलाफ मारपीट और धमकी का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आगे की जांच चल रही है।

# गाय को टेंपो में बांध कर कत्लखाना ले जाने वाले ४ लोगों पर मामला दर्ज

■ होम टाइम्स टीम

गाय को टेंपो में अवैध तरीके से बांध कर उनकी तस्करी करने वाले ४ लोगों पर मामला दर्ज कर कर लिया गया है। इस मामले में नवघर पुलिस ने टेंपो को भी जब्त कर लिया है और मामले की अधिक जांच कर रही हैं। नवघर पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले उन्हें एक गुप्त जानकारी मिली थी कि मुंबई से चार गायों को गाड़ी में बंद कर कत्लखाना ले जाया जा रहा है। जिसके बाद नवघर पुलिस एक्शन मोड में आई और आनंद नगर टोल नाके पर नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान नवघर पुलिस को एमएच ०१ सीवी ३७०९ टेंपो पर शक हुआ। उस टेंपो को रोकने के बाद जब पुलिस ने टेंपो की जांच की तब पुलिस को पता चला कि टेंपो में चार गाय को बांध कर कत्लखाना ले जाया जा रहा था। इस मामले के सामने आने के बाद नवघर पुलिस की तरफ से सैफ मोहम्मद इस्माइल शेख समेत कुल चार लोगों पर मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल नवघर पुलिस ने टेंपो को हिरासत में ले लिया है और मामले की अधिक जांच कर रही है।

# मुलुंड निवासी के घर में घुस कर की गई सोने के जेवरात की चोरी, मामला दर्ज

■ होम टाइम्स टीम

अज्ञात व्यक्ति की ओर से मुलुंड निवासी के घर में घुसकर सोने के जेवरात की चोरी करने का मामला सामने आया है। मुलुंड पुलिस की ओर से आईपीसी की धारा ३८० के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी के सरगर्मी से तलाश की जा रही है। मुलुंड पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार ४५ वर्षीय पीड़ित मुलुंड पश्चिम एम जी रोड का रहिवासी है। कुछ दिनों पहले पीड़ित जब अपने घर में रखे हुए सोने के जेवरात ढूंढ रही थी, तब उसे अपने घर की तिजोरी में रखे गए सोने के जेवरात नहीं मिले। इसके बाद कई दिनों तक पीड़ित अपने घर में सोने के जेवरात को ढूंढती रही। पूरे घर में जब पीड़ित को सोने के जेवरात नहीं मिले तब आखिरकार पीड़ित को एहसास हुआ कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर में कुछ कर उनके सोने के जेवरात को चुरा लिया होगा। जिसके बाद पीड़ित की ओर से सीधे मुलुंड पुलिस स्टेशन का रुख अपनाया गया और घटना की जानकारी दी गई। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि चुराए गए सोने के जेवरात में १२ हजार रुपए के हीरो से जड़ी कानों की बाली और ३६ हजार रुपए के सोने की अंगूठी शामिल है। जिसके बाद मुलुंड पुलिस ने आईपीसी की धारा ३८० के तहत मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात व्यक्ति और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

CALL CENTER
022 66211333

E-MAIL ID
customerservice@homenet.net

FACEBOOK MESSENGER
HomeNet / @homenet.net

**Facebook Messenger Scan Code**: To get in touch, simply scan a code using the Messenger app.

HOME NET
www.homenet.net

## TRULY UNLIMITED SPEED PLANS

| PLAN NAME | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|
| 20 Mbps Unlimited | 500/- | NOW 231/-* | 3000/- |
| 30 Mbps Unlimited | 600/- | NOW 276/-* | 3600/- |
| 40 Mbps Unlimited | 720/- | NOW 332/-* | 4320/- |
| 50 Mbps Unlimited | 850/- | NOW 392/-* | 5100/- |
| 60 Mbps Unlimited | 985/- | NOW 455/-* | 5910/- |

## UNLIMITED POWER PLANS

| PLAN NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|---|---|
| 40 Mbps till Allotted Data | 250 | 20 Mbps | 600/- | NOW 277/-* | 3600/- |
| 60 Mbps till Allotted Data | 500 | 30 Mbps | 750/- | NOW 346/-* | 4500/- |

WOW!
DOUBLE MAZZA!!
uploads & downloads
at same speed, since 2010
now @ ₹194/-*
Pay For 6 Months & Get Additional 7 Months Free
67 OFFER

UPLOAD OR DOWNLOAD @SAME SPEED
99% UPTIME
- Affordable Rates
- Super speed Upto 100 mbps
- Customer support Android / IOS app
- Online Payments
- Customer care 9 am - 12 midnight

67 PE OFFER

## NEWLY LAUNCHED - FIBER TO THE HOME TECHNOLOGY

HOME FIBER
powered by HomeNet

UNLOCK YOUR SUPERPOWER

## INTRODUCTORY HOME FIBER PACKS

UPGRADE YOUR EXISTING HOME NET TO
NEW FIBERNET EXPERIENCE WITH
ZERO INSTALLATION COST**
For New Customers installation charges of Rs.500/-* applicable

## HOME FIBER TRULY UNLIMITED SPEED PACKS

| PACK NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | EFFECTIVE MONTHLY RATE | 360 DAYS |
|---|---|---|---|---|
| 35 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 337/-* | 4040/- |
| 50 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 421/-* | 5050/- |
| 75 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 505/-* | 6060/- |
| 100 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 589/-* | 7070/- |

Many more Speed Pack options available up to 500 Mbps

** offer available only at the FTTH G / EPON Ready Building

TO AVAIL THIS
INTRODUCTORY OFFER
IN YOUR SOCIETY
PLEASE COME TO US WITH
A MINIMUM GROUP OF
15 CONNECTIONS

SYMMETRIC SPEED
SUPER SPEED PACK UP TO 500MBPS
EASY LOCAL APPROACH FOR ISSUE RESOLUTION
FASTER VISITS FOR TECHNICAL SOLUTIONS
NO VISIT CHARGES FOR ISSUES & COMPLAINTS

Customer Portal **login.homenet.net**
Customer Service Mobile App **Log2Space - HomeNet**
Download on the App Store | GET IT ON Google Play

FOR NEW CONNECTIONS OR QUERIES CALL
**Call - 75067 96562, 88790 00724, 88790 00720, 88794 47839**
**MULUND** - A / 16, Gaurav Annex, R.R.T Road, Mulund (W), Mumbai - 400 080. Tel.: 022 662 11 333

MALAD • COLABA • VASHI • NERUL • THANE • AIROLI • ASANGAON • VASIND

*conditions apply


Printer, Publisher& Owner : **Hemanshu Girish Kothari**& Printed at Dangat Media Pvt. Ltd, Plot No.22, Digha MIDC, Vishnu Nagar, TTC Industrial Area, Digha, Navi Mumbai. Published at G/4, Landmark Appartment, Devidayal Cross Road, Mulund (W), Mumbai - 80.**Home Times** (Office): - 6th Floor, Flora Point, S.N. Road, Near Mulund Court, Mulund (W), Mumbai-80. **Editor : Hemanshu Girish Kothari** ● **RNI No. MAHHIN/2016/75969**